**SALE NOTICE**

**RAYAN LABORATORIES PRIVATE LIMITED (IN LIQUIDATION)**

**Registered Office of the Company:** 30/31, Basement, Old Rajender Nagar, New Delhi – 110 060

**Factory Address:** Khasra No. 390, Village Matlabpur, Roorkee, Uttarakhand

(CIN - U24234DL2006PTC211385)

Notice is hereby given to the public in general in connection with sale of Rayan Laboratories Private Limited as a going concern (in liquidation) ("Corporate Debtor"), offered by the Liquidator appointed by the Hon'ble National Company Law Tribunal (NCLT), New Delhi Bench, in its order dated September 14, 2021 ordered for Liquidation of the Company as per the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016.

The assets and properties of Corporate Debtor consists, sale as per Regulation 32(c) of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Liquidation Process) Regulations, 2016 of following assets. The bidding shall take place through e-auction platform at the web portal https://ncltauction.auctiontiger.net

| S.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Date and Time of Auction | **Date:** September 16, 2022<br>**Time:** 11:30 a.m. to 2:00 p.m. (with unlimited extension of 5 minutes) |
| 2 | Address and e-mail of the Liquidator, as registered with IBBI | 103, First Floor, 7255, Ajindra Market, Shakti Nagar, Delhi-110 007<br>susheelgupta@hotmail.com |
| 3 | Process specific address for correspondence | 103, First Floor, 7255, Ajindra Market, Shakti Nagar, Delhi-110 007 |

The e-auction will be first initiated for sale of the Corporate Debtor as a going concern under the provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 ("Code").

| **Particulars** | **Reserve Price** | **Initial EMD Amount** | **Incremental Value** |
|---|---|---|---|
| The corporate debtor as a going concern | ₹ 3,05,00,000/- | ₹ 20,00,000/- | ₹ 2,00,000/- |

**Important Notes:**

1. The sale shall be on "AS IS WHERE IS", "AS IS WHAT IS", "WHATEVER IT IS", "WHATEVER THERE IS" and "WITHOUT RECOURSE BASIS" and as such, the sale shall be without any kind of warranties and indemnities.
2. An additional amount of ₹ 10 Lakh (approximately) is payable to the Uttarakhand Power Corporation Ltd. For the pre-liquidation period.
3. The details of the process and timelines are outlined in the E-Auction Process Document, which is available on the website https://ncltauction.auctiontiger.net
4. Interested bidders shall participate after **mandatorily** reading and agreeing to the relevant terms and conditions including as prescribed in E-Auction Process Documents and accordingly, submit their expression of interest in the manner prescribed in E-Auction Process Document.
5. The Liquidator has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) adjourn/postpone/cancel the e-Auction or withdraw any assets thereof from the auction proceeding at any stage without assigning any reason thereof.
6. As per proviso to clause (f) of section 35 of the Code, the interested bidder shall not be eligible to submit a bid if it fails to meet the eligibility criteria as set out in section 29A of the Code (as amended from time to time).

Date and Place: August 31, 2022, Delhi

Sd/-

**Susheel Kumar Gupta**

IBBI/IPA-001/IP-P00846/2017-18/11419

**Liquidator of Rayan Laboratories Pvt. Ltd.**

**(in liquidation)**

SUSHEEL KUMAR GUPTA IBBI/IPA-001/IP-P00846/2017-18/11419 DELHI REG. NO. INSOLVENCY PROFESSIONAL

# भाजपा सरकार ने उत्तराखंड की जनता के साथ किया धोखा: आप



पत्रकार वार्ता के दौरान आप की प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसौदिया।

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं युवा विंग प्रभारी उमा सिसोदिया ने प्रदेश कार्यालय में एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा की उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है उन्होंने कहा जिस प्रकार यूकेएसएसएससी मामले में भाजपा के नेता बेनकाब हो रहे हैं और जांच के नाम पर बडे.नेताओं को इस प्रकरण में बचाया जा रहा है वही विधानसभा एवं पशुपालन विभाग में भाजपा के नेताओं एवं मंत्रियों ने अपने करीबियों को एडजस्ट करने के लिए बैक डोर से एंट्री करा कर उत्तराखंड के युवाओं का हक छीना है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पहले दिन से ही यूकेएसएसएससी मामले को लेकर आंदोलनरत है एवं प्रदेश सरकार को इस पूरे मामले में बेनकाब किया है उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री पुष्कर धामी जांच के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं एवं अपने नेताओं को बचाने का प्रयास कर रहे हैं साथ ही चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेरोजगारों से यह वादा किया था कि वह 40,000 नौकरियां युवाओं को देंगे परंतु नौकरी देना तो दूर धामी सरकार ने युवाओं के हक पर ही डाका डाला है उन्होंने कहा इस पूरे प्रकरण में मीडिया का सहयोग एवं कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अब धामी सरकार की मंत्री रेखा आर्य की चिट्ठी सामने आई है जिसमें उन्होंने एक प्रार्थना पत्र पर पशुपालन विभाग में अपने करीबियों को नियुक्ति दिला दी उन्होंने कहा धामी सरकार उत्तराखंड की जनता के साथ यह कैसा मजाक कर रही है जहां एक ओर युवा दर-दर की ठोकरें खाने के बाद भी नौकरी नहीं ले पाता वही धामी सरकार के मंत्री और नेता एक चिट्ठी से अपने करीबियों को बैक डोर से एंट्री कराते हैं यह उत्तराखंड के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है और इसको युवा भूलने वाले नहीं है । अंत में उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण पर मुख्यमंत्री धामी को उत्तराखंड की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

## सीएम धामी ने किया रानीबाग डबल लेन पुल का किया उद्घाटन

हल्द्वानी, वीर अर्जुन संवाददाता। हल्द्वानी में एचएमटी के पास गौला नदी पर नवनिर्मित डबल लेन पुल का गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फीता काट शुभारंभ कर दिया। 7.14 करोड. की लागत से बने इसे पुल को 22 माह में तैयार किया गया है। लोनिवि भवाली डिवीजन ने हिलवेज कंस्ट्रक्शन कंपनी से इसका निर्माण करवाया है। पुल के बनने से हल्द्वानी समेत पूरे पहाड. के लोगों को फायदा होगा। खासकर पर्यटन सीजन के दौरान लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। इस दौरान केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री मंत्री अजय भट्ट, जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य, विधायक सरिता आर्य, राम सिंह कैडा समेत भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं, ईई मदन पुंडीर ने बताया कि पुराने सिंगल लेन पुल को भी अभी बंद नहीं किया जाएगा।

# दिनदहाड़े मां-बेटी की गला रेतकर हत्या, पूरे इलाके में सनसनी

**वीर अर्जुन संवाददाता**

काशीपुर,। काशीपुर मोहल्ला अलीखां निवासी मां और बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। दिनदहाडे.हुई इस वारदात से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी ने पुलिस चौकी पहुंचकर अपनो जुर्म कबूलते हुए सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की पडत़ाल शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार ननिया उम्र करीब 45 वर्ष पत्नी रईस अपनी बेटी शिबा उम्र करीब 22 वर्ष के साथ काशीपुर के अलीखां की निवासी थी। ननिया का पति और उसका बेटा विदेश में काम करते हैं। गुरुवार को करीब पौने 11 बजे अलीखां मोहल्ले का निवासी सलमान धारदार हथियार लेकर ननिया के घर के पास पहुंचा। जहां उसने पहले सडक़ पर ही शिबा की गला रेतकर हत्या कर दी। उसके बाद खून से सना हथियार लेकर घर में जा घुसा और ननिया का भी गला रेत दिया।दिन दहाडे. दो हत्याओं को अंजाम देने के बाद सलमान खून से सना हथियार लेकर बांसफोडान चौकी पहुंच गया। जहां उसने मौजूद पुलिसकर्मियों से कहा कि मैंने मां और बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी है। इतना सुनते ही चौकी पर हडक़ंप मच गया। पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में उसे हिरासत में लिया। उसके बाद अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।बताया जा रहा है कि सलमान और शिबा का प्रेम प्रसंग चल रहा था। लेकिन बीते कुछ दिनों से दोनों में अनबन थी। सलमान का कहना है कि शिबा ने उसको धोखा दिया है। गुरुवार को उसके सिर पर जैसे खून सवार हो गया हो। उसने पहले घर के बाहर सडक़ पर ही शिबा को मौत के घाट उतारा उसके बाद घरे में घुसकर उसकी मां को भी मार डाला। एसपी चन्द्रमोहन सिंह ने बताया कि सलमान ने मां और बेटी की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या करने की बात कबूल की है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि प्रेस प्रसंग में धोखा के कारण उसने वारदात को अंजाम दिया है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की गहनता के साथ पडत़ाल की जा रही है।

# मंत्री महाराज ने चालदा महासू को चढ़ाई चोल्टी


चालदा महासू को चोल्टी (चादर) चढाते हुए मंत्री सतपाल महाराज।

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून,। जौनसार-बावर के हनोल स्थित श्री महासू देवता मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूजा-अर्चना के साथ दो दिवसीय परंपरागत जागडा (हरियाली पर्व) महोत्सव में प्रतिभाग करने के साथ-साथ प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने समाल्टा स्थित छत्रधारी चालदा महासू महाराज के दर्शन करने के साथ-साथ उन्हें चोल्टी (चादर) चढाकर पूजा अर्चना की। जागडा को राजकीय मेले का दर्जा दिलाने वाले प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने अपनी पुत्रवधु आराध्या के साथ समाल्टा पहुँच कर छत्रधारी चालदा महासू महाराज के दर्शन करने के साथ-साथ उन्हें चोल्टी (चादर) चढाकर पूजा अर्चना की। सतपाल महाराज ने बताया कि पूर्व में जब वह अपनी पत्नी अमृता रावत के साथ चालदा महासू के दर्शन को आये थे तो उन्हें चालदा महासू महाराज का आदेश हुआ कि वह उनको अपनी ओर से चोल्टी (चादर) चढायें। छत्रधारी महाराज के आदेश का पालन करते हुए हुए उन्होने अपनी पुत्रवधु आराध्या के साथ समाल्टा पहुँच कर सूरत के सुरेश द्वारा बेहतरीन कारीगरी से बनाई गई चोल्टी (चादर) चालदा महासू देवता को चढाई। चोल्टी को धारण कर चालदा महासू महाराज की अद्भुत छवि की झलक पाने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी वहाँ उपस्थित रहे।

श्री महाराज ने बताया कि छत्रधारी चालदा महासू महाराज अपने सिंहासन से बाहर आकर दशहरे तक इसी चोल्टी (चादर) के साथ श्रृद्धालुओं को दर्शन देगें। मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु इस दौरान उनके अद्भुत दर्शन करता है चालदा महासू महाराज उनकी मनोकामना निश्चित रूप से पूर्ण करते हैं। जौनसार-बावर के हनोल स्थित श्री महासू देवता जागडा (हरियाली पर्व) को राजकीय मेले का दर्जा मिलने पर क्षेत्र के लोगों में अपार उत्साह और प्रसन्नता है।

## कांग्रेसियों ने सीएम धामी को दिखाए काले झंडे व गुब्बारे, पुलिस ने हिरासत में लिया

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हल्द्वानी, । सीएम धामी के हल्द्वानी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही मुख्यमंत्री का काफिला तिकोनिया चौराहे से गुजरा, कांग्रेसियों ने काले झंडा दिखाने का प्रयास किया। जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान जमकर बवाल हुआ। पुलिस सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई है। दरअसल, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी के रानीबाग में नवनिर्मित पुल का उद्घाटन करने पहुंचे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने कार्यभार ग्रहण किया

देहरादून, वीर अर्जुन संवाददाता। नवनियुक्त महानिदेशक, सूचना बंशीधर तिवारी ने गुरूवार को सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए सूचना विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मीडिया के साथ बेहतर समन्वय के साथ नवीन तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये। सरकार की योजनाओं की जानकारी आम जन को सुलभता से मिले इसके लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों का प्रयोग किया जाये। सूचना महानिदेशक ने कहा कि सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों को मीडिया से बेहतर समन्वय कर जनमानस तक पहुंचाया जाये।

**वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि.**
VASTU HOUSING FINANCE
यूनिट नं 203 एवं 204, दूसरा तल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सेवरी (वेस्ट) मुम्बई 400015, महाराष्ट्र, CIN No. U65922MH2005PLC272501

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी ने वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांक 15 अप्रैल, 2021 जारी की जिसमें कर्जदार **श्री/श्रीमती मनोज कुमार (आवेदक), श्री/श्रीमती बबीता तोमर (सह–आवेदक) को मांग सूचना में उल्लिखित राशि खाता नम्बर एलपी0000000026404 में 31 मार्च 2021 को रु. 3385762/– (तैंतीस लाख पिचासी हजार सात सौ बासठ रुपए)** का कथित सूचना प्राप्त करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर पुनर्भुगतान करने के लिए कहा गया।
संबंधित कर्जदार कथित सूचना में उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल रहें, इसलिए कर्जदार, गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियम के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए **29 अगस्त, 2022** को नीचे वर्णित सम्पत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है।
विशेषकर कर्जदार और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि कथित सम्पत्ति का लेनदेन न करें और कथित सम्पत्ति का लेनदेन **वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (देहरादून शाखा) को रु. 3385762/– (तैंतीस लाख पिचासी हजार सात सौ बासठ रुपए)** और उस पर आगे ब्याज एवं लागत का पुनर्भुगतान करने के अधीन होगा।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

संपत्ति सं. 24/277 नया नं. 38/2 चुखुवाला ब्लॉक दूसरा जिला देहरादून उत्तराखंड–248001

तिथि : 02.09.2022
स्थान : देहरादून

प्राधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड

# नशे में धुत कृषि विभाग के तीन कर्मचारियों को ट्रक चालक को रौब दिखाना पडा़ भारी, हुई जमकर धुनाई

**वीर अर्जुन संवाददाता**

हरिद्वार, । नशे में धुत होकर ट्रक चालक पर चेकिंग करने के नाम पर रौब दिखाना कृषि विभाग के तीन कर्मचारियों को भारी पड.गया। तीनों कर्मचारियों की मौके पर ही जमकर धुनाई करने के बाद उन्हे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की है।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि कृषि कार्यालय बंगला के पास कार सवार 3 लोगों को ट्रक चालक और स्थानीय लोगों ने जमकर पीटा है। तीनों लोग फर्जी अधिकारी बन ट्रक में लाए जा रहे माल को लूट रहे थे। पुलिस को बताया गया कि तीनों खुद को पंचायत चुनाव में लगे अधिकारी बता रहे थे और शराब के नशे में धुत हैं। सूचना पर बहादराबाद थाना अध्यक्ष नितेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सरेराह पीट रहे तीनों लोगों को भीड. के चंगुल से छुडाया। पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों वास्तव में कृषि विभाग के कर्मचारी हैं। भीड. ने जिन लोगों की धुनाई की उसमें कृषि अधिकारी संदीप तोमर, सहायक विनीश और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी त्रिलोकचंद शामिल थे। लोगों के बवाल के बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया और थाने ले जाकर शांति भंग में चालान कर दिया गया।

एक साथी कर्मचारी की रिटायरमेंट पार्टी से देर रात वापस लौट रहे कृषि अधिकारी सहित तीनों कर्मचारी नशे में धुत थे। लंढौरा से वापस लौटते समय जब उन्होंने बहादराबाद स्थित टोल बैरियर पार किया, तो एक ट्रक को साइड देने को लेकर इनमें कुछ कहासुनी हुई। इसके बाद कार सवार तीनों लोगों ने ट्रक को कृषि कार्यालय के पास रोक लिया और ट्रक से उतार ट्रक चालक की जमकर धुनाई कर दी। जिस ट्रक को कृषि विभाग के इन अधिकारी ने शराब के नशे में रोका, उस ट्रक में लाखों रुपए कीमत का सामान था। यह सामान दिल्ली एयरपोर्ट से यूनाइटेड किंगडम जाना था। गुरुवार दोपहर की फ्लाइट थी, जिस कारण इस माल को सुबह 6 बजे तक एयरपोर्ट पर एंट्री करानी थी। लेकिन अब यह माल विदेश नहीं जा पाएगा।

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरो के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट 50 हर्ट्ज ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जायेगा। उस तारीख से शिरो परिकर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन के सामीप्यता में दाखिला होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन | टीकेएम (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के गजरौला स्थित जुबिलेंट साइडिंग लाइन, स्थान GJL 1168(Ch.280.36) से GJL 1119 (Ch.394.30) तक, जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर और मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल हैं। | 2.35 (10.09.2022) |

**एसी 25 के.वी. कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोग कर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 KV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के गजरौला स्थित जुबिलेंट साइडिंग लाइन, स्थान GJL 1168 (Ch. 280.36) से GJL 1119 (Ch. 394.30) तक, जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर और मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल है" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उदेश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊँचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं:–
i) ऊँचाई गेज के लिए खतरा और परिणाम स्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

No. 17-Elect/C/MB/130-R Dt.: 31.08.2022 2257/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हटर्ज, ए.सी. शिरोपरि कर्षण तारों को खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन | टीकेएम (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के गाजियाबाद–मुरादाबाद खंड स्थित कि.मी. संख्या 43/460.00 पर मध्य गंगा नहर क्रॉसिंग निर्माण हेतु अप मैन लाइन (स्थायी मोड) स्थान 42/35 (Ch. 840.50) से स्थान 44/5 (Ch. 146.00) और डाउन मैन लाइन स्थान 42/34 (Ch. 840.50) से स्थान 44/6 (Ch. 146.00) तक संबंधित टर्न आउट, X–ओवर और मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल हैं। | 2.182 (15.09.2022) |

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद

**भारतीय रेल**

**एसी 25 केवी कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25KV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के गाजियाबाद–मुरादाबाद खंड स्थित कि.मी. संख्या 43/460.00 पर मध्य गंगा नहर क्रॉसिंग निर्माण हेतु अप मैन लाइन (स्थायी मोड) स्थान 42/35 (Ch. 840.50) से स्थान 44/5 (Ch. 146.00) और डाउन मैन लाइन स्थान 42/34 (Ch. 840.50) से स्थान 44/6 (Ch. 146.00) तक संबंधित टर्न आउट, X–ओवर और मौजूदा लाइनों में संशोधन शामिल है" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नही करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं :–
I) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बांधा।
ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।
iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद

2258/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हेलंग घटना के विरोध में सड़कों पर उतरे तमाम संगठन



**वीर अर्जुन संवाददाता**

नैनीताल,। चमोली जिले के हेलंग गांव में पुलिस और औद्योगिक इकाई के सुरक्षाबलों ने ग्रामीण महिलाओं की घास छीन कर उनके खिलाफ कार्रवाई की थी। घटना के विरोध में स्वर उठने लगे हैं। नैनीताल में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आधा दर्जन से अधिक संगठनों के सैकडों लोगों ने सडक़ पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने माल रोड पर रैली निकालकर जल जंगल जमीन की सुरक्षा करने की मांग रखी। जनसभा कर सरकार पर जमकर वार किए। जिसके बाद लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने पांच सूत्रीय मांग को लेकर आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौपा।गुरुवार को हेलंग एकजुटता मंच के बैनर तले प्रदेशभर से पहुंचे विभिन्न संगठनों के सैकडों लोग मल्लीताल पंत पार्क में एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां, बैनर, पोस्टर और माइक लेकर लोगों ने माल रोड होते हुए तल्लीताल तक विशाल जुलूस निकाला। इस बीच लोगों ने नारेबाजी, गीत संगीत के माध्यम से अपने हक की मांग की।तल्लीताल डांठ में सभा आयोजित कर लोगों ने कहा कि हेलंग में हुई घटना से सिर्फ उत्तराखंड के मूलवासियों से उनके हक ही नहीं छीने गए, बल्कि औद्योगिक इकाई के दबाव में काम करते हुए महिलाओं पर कार्रवाई भी की गई, जो कि बेहद ही निंदनीय है।

# एडीएम ने ली सड़क सुरक्षा

**वीर अर्जुन संवाददाता**

रुद्रपुर,। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में गुरूवार को सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। उन्होंने जनपद में यातायात को सरल, सुगम व सुरक्षित रखने के लिए सख्ती से प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश परिवहन तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि छोटी सी लापरवाही से किसी की जान जा सकती है, ड्राईविंग के दौरान छोटी-से छोटी लापरवाही करने वाले व्यक्तियों के भी खिलाफ नियमानुसार सख्ती से कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिन वाहन चालकों द्वारा लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना को अंजाम दिया जाता है,उनके विरुद्ध तुरंत मुकदमा दर्ज करने के साथ ही लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित कराने के निर्देश सदस्य सचिव जिला सडक़ सुरक्षा समिति एवम एससी लोनिवि को दिए। उन्होंने रेड लाइट जंपिंग, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग करने, ओवर स्पीडिंग, भार वाहनों में ओवर लोडिंग, भार वाहनों में यात्री वाहन करने, नशे की हालत में वाहन संचालन, ड्राइविंग के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने के निर्देश दिए। साईड्स के अतिक्रमणकारियों की सूची बनाकर, योजनाबद्ध तरीके से सडक़ो को अतिक्रमणमुक्त कराने के निर्देश सम्बधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से पहले ही चीनी मिल प्रबंधकों से पत्राचार करने के निर्देश देते हुए कहा कि वाहनों के पीछे इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर लगवाए जाए ताकि कोहरे में भी वाहन संचालन में दिक्कत न हो।

**बिक्री सूचना**

**रेयान लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड (परिसमापनाधीन)**

**कम्पनी का पंजीकृत कार्यालयः** 30/31, बेसमेंट, ओल्ड राजेन्दर नगर, नई दिल्ली–110060
**फैक्टरी पताः** खसरा नं. 390, गांव मल्लाबपुर, रूड़की, उत्तराखंड
(CIN: U24234DL2006PTC211385)

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अनुसार कम्पनी के परिसमापन के लिए आदेशित माननीय राष्ट्रीय कम्पनी विधि अधिकरण, नई दिल्ली पीठ के आदेश दिनांक 14 सितम्बर, 2021 द्वारा नियुक्ति परिसमापक द्वारा ऑफर की गई चालूगत रूप में रेयान लेबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड ("कॉर्पोरेट देनदार") (परिसमापनाधीन) की बिक्री के संबंध में यह सूचना दी जाती है।
निम्नलिखित संपत्तियों के लिए दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के विनियम 32(सी) के अनुसार बिक्री में कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्तियां एवं संपत्तियां शामिल हैं। बोली प्रक्रिया वेब पोर्टल https://ncltauction.auctiontiger.net पर ई–ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

| क्र.सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1 | नीलामी की तिथि एवं समयः | तिथिः 16 सितम्बर, 2022, समयः प्रातः 11.30 बजे से दोप. 2.00 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ) |
| 2 | आईबीबीआई के साथ पंजीकृत अनुसार परिसमापक का पता एवं ई–मेल पता | 103, प्रथम तल, 7255, अजिन्द्रा मार्केट, शक्ति नगर, दिल्ली–110007 ई–मेल. susheelgupta@hotmail.com |
| 3 | पत्राचार के लिए प्रक्रिया विनिर्देशित पता | 103, प्रथम तल, 7255, अजिन्द्रा मार्केट, शक्ति नगर, दिल्ली–110007 |

दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 ('कोड') के प्रावधानों के अंतर्गत चालूगत आधार पर कॉर्पोरेट देनदार की बिक्री के लिए ई–नीलामी प्रारंभ की जाएगी।

| विवरण | आरक्षित मूल्य | प्रारंभिक ईएमडी राशि | बढ़ोत्तरी राशि |
|---|---|---|---|
| चालूगत आधार के रूप में कॉर्पोरेट देनदार | रु. 3,05,00,000/– | रु. 20,00,000/– | रु. 2,00,000/– |

**महत्वपूर्ण टिप्पणियां:**
1. बिक्री "जैसा है जहां है", "जो है जैसा है", "जो भी वहां है" और "बिना रिकॉर्स आधार" पर की जाएगी और ऐसे में बिक्री बिना किसी वारंटीज एवं इंडेम्नटीज के होगी।
2. रु. 10 लाख (अनुमानित) अतिरिक्त राशि पूर्व–परिसमापन अवधि के लिए उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लि. को देय है।
3. ई–नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज जो की वेबसाइट https://ncltauction.auctiontiger.net पर उपलब्ध हैं, में विस्तृत प्रक्रिया एवं दिशानिर्देश दिये गये हैं।
4. इच्छुक बोलीदाता अनिवार्य रूप से ई–नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज में निर्धारित अनुसार नियम व शर्तों को पढ़ने के बाद बोली में भाग ले सकेंगे और तद्नुसार वे इस संबंध में ई–नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी रूचि की अभिव्यक्ति जमा कर सकते हैं।
5. परिसमापक के पास बिना कोई कारण बताएं नीलामी के किसी भी चरण में एवं प्रक्रिया में सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने या ई–नीलामी को स्थगित/आगे बढ़ाने/निरस्त करने तथा किसी भी परिसंपत्ति को हटाने का अधिकार रखते हैं।
6. कोड की धारा 35 की उपवाक्य (एफ) के प्रावधानों के अनुसार इच्छुक बोलीदाता कोड (समय–समय में संशोधित अनुसार) कोड की धारा 29ए में निर्धारित योग्यता मानदंडों को पूरा करने में असफल रहने पर वे बोली में भाग लेने के लिए योग्य नहीं होंगें

तिथि एवं स्थानः 31 अगस्त, 2022, दिल्ली

हस्ता./–
सुशील कुमार गुप्ता
आईबीबीआई/आईपीए–001/आईपी–पी00846/2017–18/11419
रेयान लेबोरेटरीज प्रा. लि. (परिसमापनाधीन) के परिसमापक

वीर अर्जुन

**देहरादून में समाचार पत्र प्राप्त करने एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें।**
**मो.7895189235**

**वीर अर्जुन की प्रतियां प्राप्त करने के लिए संपर्क करें:-**

देहरादून:- **वसीम अहमद**
मो.-9758325677

रुड़की:- **चन्दर न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री चन्द्रभान,
दुकान नं. 11, पुराना रेलवे रोड, मकतुलपुरी रुड़की
मो.- 9927069871

हरिद्वार:- **आत्रे न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री अनिल कुमार शर्मा ,जटवाड़ा पुल, हरिद्वार
मो.- 9837177797

ऋषिकेश:- **आजाद न्यूज एजेंसी**
प्रो.- श्री संजीव गुप्ता हरिद्वार रोड, ऋषिकेश
मो.- 9837229222

